**कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय उ0 प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ एवं सैनिक स्कूल, गोरखपुर, उ0 प्र0**
**प्रवेश परीक्षा 2027-28**

**सामान्य दिशा निर्देश**

**कृपया आवेदन पत्र भरने के पूर्व निम्न दिशा निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ें।**

1. कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय उ0 प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ एवं सैनिक स्कूल, गोरखपुर उ0 प्र0 माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में संचालित उ0 प्र0 सैनिक स्कूल्स सोसायटी के अधीन हैं। इन विद्यालयों का उद्देश्य भारतीय सशस्त्र सेनाओं में अधिकारी पद हेतु राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एन0 डी0 ए0) में प्रवेश के लिए उत्तर प्रदेश के चुने हुए छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। दोनों विद्यालय सी0 बी0 एस0 ई0, नई दिल्ली से सम्बद्ध, अंग्रेजी माध्यम के विशिष्ट आवासीय विद्यालय हैं।

2. **पात्रता.**

(क) अभ्यर्थी एवं उसके पिता को उ0 प्र0 का मूल निवासी होना आवश्यक है।

(ख) **जन्म तिथि:** शैक्षिक सत्र 2027-28 में प्रवेश हेतु विद्यालय की लिखित प्रवेश परीक्षा जो कि **20 दिसम्बर 2026** को सम्पन्न होगी, के लिए केवल वे ही अभ्यर्थी पात्र होंगे जिनका जन्म निम्न तिथियों के मध्य हुआ हो:-

**कक्षा 6 हेतु** : **02 जुलाई 2015 से 01 जनवरी 2018** (दोनों तिथियाँ सम्मिलित)
**कक्षा 9 हेतु** : **02 जुलाई 2012 से 01 जनवरी 2015** (दोनों तिथियाँ सम्मिलित)

(ग) कक्षा 6 एवं 9 में प्रवेश हेतु आवेदन करते समय निम्न तथ्यों का ध्यान रखें :-

**उ0 प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ** – कक्षा 6 (केवल बालक), कक्षा 9 (बालक एवं बालिका)
**सैनिक स्कूल, गोरखपुर, उ0 प्र0** – कक्षा 6 (बालक एवं बालिका), कक्षा 9 (बालक एवं बालिका)

(घ) 20 मई 2027 तक किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 6 एवं 9 में प्रवेश हेतु क्रमशः कक्षा 5 एवं 8 पास होना अनिवार्य है।

3. **आरक्षण.** कुल रिक्त स्थानों में 10% आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS-GEN), 27% अन्य पिछड़ा वर्ग, 21% अनुसूचित जाति एवं 02% अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण का प्रावधान है। **उ0 प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ में कक्षा 9 में बालकों हेतु केवल स्ववित्तपोषित स्थान रिक्त हैं।** विमुक्त जाति को अनुसूचित जनजाति का लाभ नहीं मिलेगा।

4. **लिखित परीक्षा.** विद्यालय में प्रवेश केवल OMR आधारित (बहुविकल्पीय) प्रतियोगी लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाता है।

5. **साक्षात्कार एवं परिणाम.** लिखित परीक्षा में मेरिट के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल्स (login credentials) का उपयोग करके **साक्षात्कार पत्र (Interview Letter) डाउनलोड करना होगा।** साक्षात्कार पत्र विद्यालय द्वारा अलग से नहीं भेजा जाएगा। अभ्यर्थियों को विद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में अपना **चिकित्सीय परीक्षण (Medical Examination)** भी पूरा कराना होगा और निर्धारित तिथियों पर विद्यालय परिसर में **साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा।** अंतिम मेरिट सूची **लिखित परीक्षा, चिकित्सीय परीक्षण एवं साक्षात्कार** के आधार पर, आरक्षण नीति सहित, तैयार की जाएगी। लिखित परीक्षा का परिणाम परीक्षा के लगभग **10 दिन बाद** विद्यालय की वेबसाइट www.upsainikschool.org पर प्रकाशित किया जाएगा।

6. **परीक्षा केन्द्र**. अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के रूप में आगरा, अयोध्या, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झाँसी, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी और लखनऊ में से किसी एक का चयन कर सकता है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाला आवेदक **अधिकतम तीन** केन्द्रों का विकल्प दे सकता है, जिनमें से **एक** केन्द्र विद्यालय प्रशासन द्वारा आवंटित किया जाएगा। तथापि, कुछ असाधारण परिस्थितियों में आवेदक द्वारा चुने गए तीन केन्द्रों के अतिरिक्त कोई अन्य केन्द्र भी आवंटित किया जा सकता है। अतः केन्द्र आवंटित करने का अंतिम निर्णय पूर्णतः विद्यालय प्रशासन का विशेषाधिकार होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

7. **आवेदन पत्र भरने की तिथि**. आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट www.upsainikschool.org पर दिनांक **10 सितम्बर 2026** से **25 अक्टूबर 2026** तक सामान्य शुल्क रु0 1000/- के साथ एवं दिनांक **26 अक्टूबर 2026** से **31 अक्टूबर 2026** तक विलम्ब शुल्क सहित रु0 2000/- के साथ ऑनलाइन भरे जा सकेंगे। आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन ही भरे जा सकेंगे। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे।

**ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया में प्रमुख चरण इस प्रकार हैं:-**

**पंजीकरण** **-** सफलतापूर्वक पंजीकरण होने पर, आवेदक को आगे की प्रक्रिया हेतु अपने डैशबोर्ड में लॉगिन करने के लिए यूज़रनेम एवं पासवर्ड प्राप्त होगा। **आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने लॉगिन क्रेडेंशियल्स को सुरक्षित रखें, क्योंकि भविष्य में इनकी आवश्यकता होगी। फॉर्म भरते समय अपने लॉगिन विवरण को सुरक्षित रूप से अपने पास रखना आवेदक की स्वयं की जिम्मेदारी होगी। इन क्रेडेंशियल्स के खो जाने से संबंधित किसी भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए विद्यालय किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।**

**आवेदन पत्र** - अभ्यर्थी का अपने लॉग-इन आई0 डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से लॉग-इन कर आवेदन पत्र भरा जाना है, जिसमें आवेदक अपनी निर्धारित जानकारी के साथ अपनी नवीनतम फोटो एवं हस्ताक्षर (फाइल टाइप .jpg या .jpeg तथा उसका साइज 20 KB से 100 KB होना चाहिए) अपलोड करना। फोटो का साइज **(Width:150, Height:200)** एवं हस्ताक्षर का साइज **(Width:250, Height:100)** होना चाहिए।

**आवेदन शुल्क** - अभ्यर्थी को निर्धारित शुल्क ऑनलाइन जमा करना। बैंक ट्रांजेक्शन शुल्क अलग से देय होगा।

**आवेदन पत्र का मुद्रण** - आवेदन शुल्क सफलतापूर्वक जमा करने के पश्चात आवेदक को अपने आवेदन पत्र का प्रिंट निकालकर अपने पास सुरक्षित रखना होगा।

**करेक्शन विंडो** - दिनांक 03 नवम्बर 2026 से 05 नवम्बर 2026 (सायं 05:00 बजे) तक आवेदक अपने नाम, कक्षा, मोबाइल संख्या एवं ई-मेल आईडी के अतिरिक्त अन्य विवरण में सुधार या परिवर्तन कर सकते हैं।

**प्रवेश पत्र** - दिनांक 25 नवम्बर 2026 के पश्चात प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट उपलब्ध होगा।

**परीक्षा परिणाम** - आवेदक अपने प्रवेश परीक्षा के परिणाम विद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं। योग्य अभ्यर्थी अपने लॉगिन क्रेडेंशियल्स (यूज़र आईडी एवं पासवर्ड) का उपयोग करके डैशबोर्ड से आगे की प्रक्रिया हेतु साक्षात्कार के लिए अपना कॉल लेटर डाउनलोड कर सकते हैं।

- **आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।** अभ्यर्थी पूर्ण आवेदन पत्र का प्रिंट आउट भविष्य में उपयोग हेतु अपने पास सुरक्षित रखें। आवेदक द्वारा जो भी सूचना या तथ्य आवेदन पत्र में भरी जाएगी उसमें आवेदन शुल्क जमा होने के पश्चात कोई भी परिवर्तन संभव नहीं होगा (करेक्शन विंडो के समय के अतिरिक्त)। आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए अभिभावक जिम्मेदार होंगे।

- दिनांक 25 नवम्बर 2026 के पश्चात **प्रवेश पत्र** विद्यालय की **वेबसाइट से अभ्यर्थी अपने लॉग-इन आई**0 **डी**0 **एवं पासवर्ड के माध्यम से लॉग-इन कर डाउनलोड/प्रिंट** कर सकेंगे। ध्यान रहे कि आवेदन करते समय जो नवीनतम फोटो अपलोड की गई है वही फोटो प्रवेश पत्र में निर्धारित स्थान पर चस्पा करनी है।

**<u>नोट</u> -** कृपया आवेदन पत्र शीघ्र भरें ताकि अंतिम दिनों में नेटवर्क ट्रैफिक अधिकता के कारण होने वाली असुविधा से बचा जा सके।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | **आवेदन शुल्क रु0 1000/-** | | |
| | **पंजीकरण एवं शुल्क जमा करने की आरम्भ तिथि** | : | 10 सितम्बर 2026 (अपराहन 01:00 बजे से) |
| | **पंजीकरण एवं शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि** | : | 25 अक्टूबर 2026 (सायं 05:00 बजे तक) |
| | **विलम्ब शुल्क सहित रु0 2000/- के साथ अन्तिम तिथि** | : | 31 अक्टूबर 2026 (सायं 05:00 बजे तक) |
| | **करेक्शन विंडो** | : | 03 - 05 नवम्बर 2026 (सायं 05:00 बजे तक) |
| 9. | **प्रवेश परीक्षा की प्रस्तावित तिथि** | : | 20 दिसम्बर 2026 (रविवार) |
| | **उत्तर कुंजी (Answer Key) अपलोड किए जाने की सम्भावित तिथि** | : | 24 दिसम्बर 2026 (गुरुवार) |
| | **लिखित परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने की सम्भावित तिथि** | : | 30 दिसम्बर 2026 (बुधवार) |
| | **साक्षात्कार पत्र डाउनलोड किए जाने की सम्भावित तिथि** | : | 07 जनवरी 2027 (गुरुवार) |
| 10. | **मेडिकल परीक्षण एवं साक्षात्कार की सम्भावित तिथि** | : | 01 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक |
| 11. | **अन्तिम परीक्षा परिणाम की सम्भावित तिथि** | : | 15 मार्च से 20 मार्च 2027 के मध्य |

12. **स्कूल फीस.** सामान्य विद्यालय शुल्क **₹50,000/-** तथा स्व-वित्तपोषित सीट का विद्यालय शुल्क **₹1,00,000/-** प्रति वर्ष है (अन्य विविध शुल्कों को छोड़कर)। **शुल्क में वृद्धि होने की संभावना है।**

13. **साक्षात्कार के समय निम्न प्रमाण पत्रों की स्व-प्रमाणित छायाप्रति एवं मूल रूप में परीक्षण हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा:-**

(क) अभ्यर्थी का मूल निवास प्रमाण पत्र, जो कि जिलाधिकारी या उसके द्वारा अधिकृत किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी हो।

(ख) अभ्यर्थी का जाति प्रमाण पत्र, जो कि शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो। (यदि लागू हो)

(ग) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र।

(घ) निर्धारित प्रारूप पर मेडिकल प्रमाण पत्र।

14. **प्रवेश के समय निम्न प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा:-**

(क) स्थानान्तरण प्रमाण पत्र की प्रति हस्ताक्षरित मूल प्रति एवं PEN (Permanent Education Number & APAAR ID)

(ख) अभ्यर्थी का मूल निवास प्रमाण पत्र, जो कि जिलाधिकारी या उसके द्वारा अधिकृत किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी हो, की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति। **(यदि लागू हो)**

(ग) अभ्यर्थी का जाति प्रमाण पत्र, जो कि शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो, की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति।

(घ) अनुबन्ध पत्र रु0 100/- के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर। (जॉइनिंग निर्देशों में प्रारूप दिया जाएगा)

(ङ) इण्डेम्निटी बॉण्ड रु0 50/- के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर। (जॉइनिंग निर्देशों में प्रारूप दिया जाएगा)

(च) एफिडेविट रु0 10/- के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर। (जॉइनिंग निर्देशों में प्रारूप दिया जाएगा)

(छ) सक्षम अधिकारी जैसे कि नगर निगम/नगर पालिका/जिला पंचायत अधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति।

(ज) अभ्यर्थी एवं उसके माता-पिता के आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

(झ) कक्षा 6 एवं 9 में प्रवेश हेतु क्रमशः कक्षा 5 एवं 8 पास की अंक तालिका की मूल प्रति।

**<u>महत्वपूर्ण दिशानिर्देश</u>.**

(क) कृपया सुनिश्चित करें कि आप **आवेदक का सही ईमेल-आईडी, व्यक्तिगत मोबाइल नंबर एवं पत्राचार का पता** प्रदान करें, ताकि सत्यापन एवं भविष्य में पत्राचार किया जा सके। यदि आप गलत/असत्य विवरण प्रदान करते हैं, तो आपको SMS/ईमेल के माध्यम से अपडेट प्राप्त नहीं हो पाएंगे।

(ख) आवेदक द्वारा जो भी सूचना या तथ्य आवेदन पत्र में भरी जाएगी, उसमें आवेदन शुल्क जमा होने के पश्चात कोई भी परिवर्तन संभव नहीं होगा (करेक्शन विंडो के समय के अतिरिक्त)।

(ग) आवेदन पत्र की प्रिंटेड प्रति या शुल्क जमा की रसीद विद्यालय को प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है।

(घ) आवेदक को कक्षा, लिंग एवं जन्म तिथि आदि जैसे पात्रता मानदंडों के अनुसार फॉर्म भरना चाहिए। आवेदक को परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कैप्टन मनोज कुमार पांडेय यू.पी. सैनिक स्कूल, लखनऊ द्वारा जारी प्रवेश पत्र के अतिरिक्त, जिस मान्यता प्राप्त विद्यालय में वह वर्तमान में अध्ययनरत है, उस विद्यालय द्वारा जारी **फोटोग्राफ सहित STUDENT IDENTITY CARD / BONAFIDE CERTIFICATE (संस्था के प्रमुख द्वारा सत्यापित)** परीक्षा केंद्र पर साथ लाना अनिवार्य है। **आवेदक के विवरण का सत्यापन परीक्षा केंद्र पर परीक्षा अधीक्षक द्वारा आवेदक द्वारा लाए गए फोटो पहचान पत्र के विवरण की तुलना कैप्टन मनोज कुमार पांडेय यू.पी. सैनिक स्कूल, लखनऊ द्वारा प्रवेश परीक्षा के लिए जारी प्रवेश पत्र से की जाएगी। यदि किसी भी विवरण में विसंगति पाई जाती है, तो आवेदक को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।** परीक्षा अधीक्षक संबंधित आवेदक के सामने उपस्थिति पत्रक पर इसका उल्लेख करेंगे। **ऐसी स्थिति में परीक्षा शुल्क की कोई वापसी नहीं की जाएगी।** प्रवेश पत्र में दो अनुभाग/प्रतियां (आवेदक की प्रति एवं विद्यालय कार्यालय की प्रति) होती हैं, जिनमें से **विद्यालय की प्रति को लिखित परीक्षा के दौरान निरीक्षक के पास जमा करना अनिवार्य होगा।**

(ङ) परीक्षा शुरू होने के बाद परीक्षा केंद्र पर देर से पहुँचने वाले किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उसे **अनुपस्थित (ABSENT)** माना जाएगा।

(च) **अभिभावकों/आवेदकों को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल्स को सुरक्षित रखना चाहिए,** क्योंकि भविष्य में होने वाले सभी पत्राचार एवं आवेदन से संबंधित गतिविधियों के लिए उनकी आवश्यकता होगी। साथ ही, आवेदन पत्र भरते समय उन्हें पूर्ण सावधानी बरतनी चाहिए। यदि किसी भी समय कोई भी सूचना असत्य या परिवर्तित पाई जाती है तो आवेदक का आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

(छ) प्रवेश के समय मूल प्रमाण पत्रों का परीक्षण किया जाएगा। कोई सूचना असत्य पाए जाने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा एवं उसके अभिभावक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है।

(ज) आवेदन पत्र भरते समय आवेदक द्वारा जो भी जन्मतिथि प्रवेश हेतु भरी जाएगी, उसमें कोई भी परिवर्तन नहीं होगा। जन्म प्रमाण पत्र या टी0 सी0 में अंतर पाए जाने पर प्रवेश निरस्त हो जाएगा।

(झ) **जमा किया गया आवेदन शुल्क किसी भी दशा (दो बार या उससे अधिक बार जमा करने पर) वापस नहीं किया जायेगा। अगर आवेदन शुल्क का स्टेटस अपडेट नहीं होता है तो कृपया स्टेटस अपडेट होने के लिए 48 घंटे की प्रतीक्षा करें और तब तक दुबारा भुगतान न करें एवं विद्यालय से संपर्क करें।**

(ञ) केवल लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होना अंतिम सूची में चयनित होने का आधार नहीं माना जाएगा। अंतिम चयन लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों, साक्षात्कार, चिकित्सा फिटनेस में उत्तीर्ण होने तथा आरक्षण नीति के अनुसार तैयार की गई मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा।

**नोट : केवल पंजीकरण एवं शुल्क संबंधी जानकारी के लिए विद्यालय के दूरभाष संख्या 7052777795 पर किसी भी कार्य दिवस पर पूर्वाह्न 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक फोन या व्हाट्सऐप (WhatsApp) के माध्यम से सम्पर्क कर सकते हैं। फ़ोन करते समय कृपया अपना आवेदन आईडी (Application ID), पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं अभ्यर्थी का नाम तैयार रखें, ताकि आपकी समस्या का शीघ्रता से निवारण किया जा सके। प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र के प्रारूप वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।**

**कर्नल सीमा मिश्रा**
**प्रधानाचार्य**
**कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय**
**उ0 प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ**